# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

(वेबसाइट– www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः 3157 /2025–26 दिनांकः 17 सितंबर, 2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–70/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 09 अप्रैल, 2025 में स्नातक स्तरीय पदों लिखित प्रतियोगी परीक्षा विज्ञप्ति संख्या 319/गोपन/2025–26 दिनांक 11 सितंबर, 2025 के द्वारा दिनांक **21 सितंबर, 2025(रविवार)** को **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00** बजे तक निर्धारित की गयी है। उक्त लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र दिनांक 15 सितंबर, 2025 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिये गये हैं।

आयोग के संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व अन्य पर उक्त लिखित प्रतियोगी परीक्षा के स्थगित किये जाने के संबंध में भ्रामक सूचनाऐं प्रसारित की जा रही हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा लिखित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा निर्धारित तिथि व समय पर ही संपादित की जायेगी।

अतः समस्त अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म में प्रसारित अफवाहों से भ्रमित न होते हुये लिखित परीक्षा में सुगम पहुंच की दृष्टि से परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र अवश्य देख लें, तथा प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुरूप यथा आवश्यक तैयारी कर लें, ताकि आप द्वारा परीक्षा दिये जाने में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

17.09.2025

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।